तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 8 जनवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

2 खराब सड़क पर अनियंत्रित होकर कार नदी में गिरी, डाक्टर घायल



## खबर संक्षेप

### जेम पोर्टल प्रशिक्षण कार्यशाला आज

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर आरएएमपी योजना के अन्तर्गत बीडीएसपी से संपर्क एवं विभिन्न प्लेटफार्म पर डिजिटल मार्केटिंग एवं डिजिटल साक्षरता पर कार्यशाला का आयोजन 8 जनवरी को प्रातः 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया गया है।

### राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष आज आएंगे कोरबा

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा 8 जनवरी को अपने कोरबा जिले के प्रवास दौरान जिले में संचालित खाद्य एवं पोषण संबंधी विभागीय योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन का मूल्यांकन करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री शर्मा 8 जनवरी को प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक विभिन्न स्थलों का फील्ड विजिट कर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात अपरान्ह 2.30 बजे से कलेक्टर सभा कक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा। समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 एवं छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम, 2012 के अंतर्गत भाग-दो में उल्लेखित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

### अमित जोगी 13 को आएंगे कोरबा

**कोरबा।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी आगामी 13 जनवरी को ऊर्जा धानी कोरबा के प्रवास पर रहेंगे। अपने इस एक दिवसीय दौरे के दौरान वे पार्टी संगठन को मजबूती देने के साथ-साथ जनहित के मुद्दों को लेकर प्रदेश की बड़ी औद्योगिक कंपनी बालको (वेदांता) के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे। अमित जोगी 13 जनवरी को दोपहर 1:30 बजे सड़क मार्ग से कोरबा पहुंचेंगे। दोपहर 2:00 बजे वे कोरबा के निहारिका क्षेत्र में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के नए जिला कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। पार्टी के स्थानीय नेता अजय कुमार के नेतृत्व में इस कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं। कार्यालय उद्घाटन के माध्यम से पार्टी जिले में अपनी सक्रियता बढ़ाने की रणनीति बना रही है। राजनीतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ अमित जोगी सामाजिक कार्यों में भी शामिल होंगे। दोपहर 2:30 बजे वे स्थानीय कुष्ठ आश्रम पहुंचेंगे, जहां जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर उनसे मुलाकात करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 3:00 बजे वे कोरबा प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा कर प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति और स्थानीय समस्याओं पर अपनी बात रखेंगे।

### उचित मूल्य दुकानों में मनाया गया चावल उत्सव



**कोरबा।** जिले के उचित मूल्य दुकानों में छत्तीसगढ़ रजत जयंती चावल उत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। यह कार्यक्रम शासकीय उचित मूल्य दुकानों में संपन्न हुआ, जहाँ बड़ी संख्या में हितग्राही उपभोक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र उपभोक्ताओं को चावल सहित अन्य खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया गया। वितरण व्यवस्था सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी रही, जिससे हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। गौरतलब है कि चावल उत्सव खाद्य सुरक्षा एवं सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य जरूरतमंद एवं पात्र परिवारों को समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराना है।

# दावा आपत्ति जमा करने तहसील में उमड़ी भीड़, 40 हजार को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए गए मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत ऐसे 40 हजार मतदाता सामने आए हैं जिनके पास किसी तरह के दस्तावेज नहीं थे। ऐसे लोगों को नोटिस जारी की गई है। जिनसे दावा आपत्ति ली जा रही है। जिले के सभी तहसील कार्यालयों में दावा आपत्ति जमा करने लोगों की भीड़ उमड़ी हुई है।

बीते वर्ष 2025 अक्टूबर महीने से 12 दिसंबर तक जिले में चलाए गए एसआईआर कार्यक्रम के तहत कई मतदाता बीएलओ को खोजने में भी उनके पते पर नहीं मिले। वहीं ऐसे मतदाता भी थे जिनके पास किसी तरह के दस्तावेज नहीं थे। ऐसे मतदाता के नाम मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन में नहीं दर्ज होने पर उन्हें

## 23 दिसंबर से सभी तहसीलों में ली जा रही दावा आपत्ति

**खास बातें**

- एसआईआर के दौरान दस्तावेज नहीं मिलने वाले मतदाताओं को देना होगा दस्तावेज



### कालेज में शिविर के लिए बने नोडल अधिकारी

नए मतदाताओं के नाम जोड़ने हेतु जिले के शहरी व ग्रामीण अंचल के महाविद्यालयों में नाम जोड़ने के लिए शिविर लगाए जाएंगे जिनके लिए नोडल अधिकारी भी बना दिए गए हैं। जिनके द्वारा अपने महाविद्यालय में शिविर की तिथि तय की जाएगी और उस तिथि पर एआरओ और बीएलओ महाविद्यालय में उपस्थित होंगे और नए मतदाता के नाम जोड़ने की प्रक्रिया पूरी करेंगे।

### 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का होगा प्रकाशन

दावा आपत्ति की प्रक्रिया 14 फरवरी तक चलेगी और उसके बाद 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। इस दौरान जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है उनके नाम जोड़ने का काम भी किया जाएगा। जो बीएलओ के माध्यम से संपन्न होगा। इसी तरह नए मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया भी शुरु कर दी गई है। इसके लिए बीएलओ द्वारा फार्म 06 दिया जा रहा है। जिसे नए मतदाता अपने माता पिता के दस्तावेज एवं जन्म प्रमाण पत्र के लिए 10वीं कक्षा की अंकसूची भी देना होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी माधुरी सोम ने बताया कि नाम जोड़ने की प्रक्रिया भी साथ साथ चल रही है।

जिला निर्वाचन कार्यालय के द्वारा नोटिस जारी कर दावा आपत्ति मांगी गई है। ऐसे मतदाताओं की संख्या जिले में 40 हजार है। सभी को नोटिस जारी कर अलग अलग तिथि में तहसील ⏭ शेष पेज 3 पर

## हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम सुआवाभोड़ी के पास हुआ हादसा

# खदान में हैवी ब्लास्टिंग से छिटका पत्थर, वृद्ध के सिर पर लगी चोट, मौत



ब्लास्टिंग के बाद उठ रहा धुंए का गुब्बार।



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगी ग्रामीणों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा-हरदीबाजार

कोरबा-हरदीबाजार। एसईसीएल दीपका खदान में बुधवार को हैवी ब्लास्टिंग होने से एक पत्थर छिटककर एक ग्रामीण के उपर जा गिरा। पत्थर गिरने से ग्रामीण को गंभीर चोट लगी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई और ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और बड़ी संख्या में अस्पताल जा पहुंचे और घंटों हंगामे के बीच ग्रामीण मृतक के शव को अस्पताल से गांव ले गये और अब गुरुवार की सुबह इस पूरे मामले पर प्रशासन व ग्रामीणों की चर्चा होगी। हदरीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत



एसईसीएल दीपका खदान में बुधवार को हैवी ब्लास्टिंग की जा रही थी। उसी दौरान ग्राम सुवाभोंड़ी के पास ग्राम रेंकी बाजार पीछे बरपारा मोहल्ला निवासी लखनलाल पटेल उम्र 60 वर्ष के सिर पर एक बड़ा सा पत्थर छिटककर उसके सिर पर जा गिरा। पत्थर गिरने से लखनलाल पटेल के सिर में गंभीर चोट लगी। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदीबाजार लेकर गये जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत लखनलाल को मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि दो दिन पूर्व एसईसीएल दीपका प्रबंधन के द्वारा त्रिपक्षीयवार्ता आहूत की गई थी। जिसमें हरदीबाजार, सराईसिंगार, रेंकी के ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में ग्रामीणों ने मांग रखी कि हैवी ब्लास्टिंग न की जाए, इसके बावजूद प्रबंधन के द्वारा हैवी ब्लास्टिंग लगातार किया जा रही है।

### अस्पताल से ग्रामीण ले गये शव, आज होगी चर्चा

ग्राम सुआभोड़ी में हैवी ब्लास्टिंग के बाद पत्थर के छिटकने से लखनलाल की हुई मौत के बाद उसके शव को हरदीबाजार से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था। जैसे ही इस घटना की जानकारी ग्रामीणों को मिली आसपास के रहने वाले ग्रामीण बड़ी संख्या में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे। घटना की सूचना मिलने पर एसडीएम तहसीलदार, पुलिस व एसईसीएल के अधिकारी बड़ी संख्या में हरदीबाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां ग्रामीणों से बातचीत करने का प्रयास किया गया। घंटों बातचीत का दौर जारी रहा लेकिन इस बीच बात नहीं बनी और ग्रामीणों ने मृतक लखनलाल के शव को हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से ग्राम सुआभोड़ी ले गये। अब इस पूरे मामले पर बातचीत गुरुवार की सुबह प्रशासन व एसईसीएल के अधिकारियों की उपस्थिति में की जाएगी।

# खड़े ट्रेलर से टकराया दूसरा ट्रेलर चालक फंस गया था केबिन में



दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- कुसमुंडा मार्ग में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं होने की वजह से हो रहा हादसा

कुसमुंडा मार्ग में स्ट्रीट लाइट नहीं होने की वजह से रात में अंधेरा छाया रहता है जिसकी वजह से आये दिन इस मार्ग में लगातार दुर्घटना सामने हो रही है। मंगलवार की रात एक खड़ी ट्रेलर से दूसरी ट्रेलर जा भिड़ी जिससे ट्रेलर चालक केबिन में फंस गया था। घंटों मशक्कत के बाद चालक को केबिन से बाहर निकाला गया और उसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

कुसमुंडा विकास नगर गेवरा रेलवे स्टेशन के सामने मंगलवार की रात 8:30 बजे ट्रेलर चालक ने रोड के बांई ओर खड़ी ट्रेलर को ठोकर मार दी। दुर्घटना गेवरा रेलवे स्टेशन के सामने घटित हो गई जिसमें सडक़ पर खड़ी ट्रेलर से इमलीछापर की ओर से आ रही तेज रफ्तार अन्य ट्रेलर टकरा गई। इस दुर्घटना में जहां टक्कर मारने वाले ट्रेलर का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वहीं उसका चालक केबिन में फंस गया, जिसे वहां से गुजर रहे लोगों ने किसी तरह बाहर निकाला और उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा। दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त वाहन सडक़ पर ही खड़ा हुआ है वहीं दूसरे वाहन का चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया। कुसमुंडा क्षेत्र में आए दिन गाड़ियों के साथ इस तरह की दुर्घटनाएं आम हो गई है। बीते दिनों दो पहिया वाहन के साथ खमरिया पेट्रोल ⏭ शेष पेज 3 पर

# कलेक्टर ने पुनर्वास ग्रामों एवं सड़कों के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने एसईसीएल कुसमुंडा अंतर्गत खदान हेतु अधिग्रहित ग्राम खोडरी और पोड़ी के पुनर्वास ग्राम खम्हरिया तथा जटराज में बसाहट के लिए की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने पुनर्वास ग्रामों को मॉडल पुनर्वास ग्राम के रूप में विकसित करने के निर्देश देते हुए गुणवत्तापूर्ण सड़क, नाली तथा अन्य आवश्यक निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के लिए कहा। कलेक्टर श्री दुदावत ने सर्वमंगला से इमलीछापर तक सड़क निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को



निरीक्षण करते कलेक्टर श्री दुदावत एवं अन्य।

निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य को गति देने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने ग्राम भिलाईखुर्द तरदा में प्रस्तावित नवीन पुल के स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, एसडीएम कटघोरा तन्मय खन्ना, अपर निगम आयुक्त विनय मिश्रा तथा एसईसीएल के अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रगति नगर बी-टाइप कॉलोनी में गहराया पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गेवरा-दीपिका क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल की मेगा परियोजना

**खास बात**

- ठेका और मेंटेनेंस पर उठ रहे भ्रष्टाचार के सवाल

दीपिका क्षेत्र के आवासीय परिसर प्रगति नगर बी-टाइप कॉलोनी में इन दिनों गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। हालात यह है कि एसईसीएल कर्मियों और उनके परिवारों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि प्रगति नगर कॉलोनी में हर वर्ष गर्मी के मौसम में जल संकट आम बात रही है लेकिन



फाइल फोटो

इस बार भीषण ठंड के मौसम में भी पानी की किल्लत ने निवासियों की परेशानी और बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब से कॉलोनी की छतों पर लगी पुरानी कंक्रीट की पानी टंकियों को हटाकर सिंटेक्स टंकी लगाने का कार्य शुरू किया गया है, तभी से पेयजल समस्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है। कर्मचारियों का आरोप है कि ठेके में जहां सिंटेक्स या पास्ता जैसी उच्च गुणवत्ता वाली कंपनी की टंकी और पाइपलाइन लगाने का प्रावधान है, वहीं जमीनी स्तर पर लोकल और घटिया गुणवत्ता की टंकियां व पाइपलाइन लगाई जा रही हैं। इससे न केवल पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है बल्कि ठेके में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार की आशंका भी जताई जा रही है। कालोनीवासियों का कहना है कि जिस तरह से कार्य किया जा रहा है उससे यह स्पष्ट है कि आने वाले समय में भी कॉलोनी को पेयजल संकट से निजात मिलने की उम्मीद कम ही है। वहीं कॉलोनी में मेंटेनेंस व्यवस्था पहले से ही बदहाल है। रखरखाव से जुड़ी शिकायतें लगातार मेंटेनेंस कार्यालय में दर्ज कराई जा रही हैं। यदि मेंटेनेंस कार्यालय के कंप्लेंट रजिस्टर की जांच की जाए तो उसमें शिकायतों की भरमार देखने को मिलेगी लेकिन इसके बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि कॉलोनी की हालत ऐसी हो गई है मानो यह पूरी तरह लावारिस हो गई हो। कोई भी अधिकारी या प्रबंधन इस ओर गंभीरता से ध्यान देने को तैयार नहीं है।

## केवाईसी अपडेट नहीं होने के कारण आबंटन की प्रक्रिया रोकी गई, जब तक नहीं होगी केवाईसी नहीं मिलेगा राशन

# जिले के 12 हजार राशन कार्डधारियों को दिसंबर माह का नहीं मिला चावल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दिसंबर माह में एपीएल, बीपीएल हितग्राहियों को मिलने वाला पीडीएस का चावल 12 हजार राशन कार्डधारियों को नहीं मिला है। केवाईसी अपडेट नहीं होने की वजह से खाद्यान्न का आबंटन शासन स्तर से ही रोक दिया गया है और जब तक ऐसे राशन कार्डधारी अपना केवाईसी अपडेट नहीं कराएंगे तब तक उन्हें आने वाले महीने का भी चावल नहीं मिलेगी। खाद्य विभाग ने सभी पीडीएस दुकान संचालकों को राशन कार्ड के केवाईसी के निर्देश दिए हैं।



पीडीएस दुकान।

जिले में 1 लाख 10 हजार कुल राशन कार्डधारी हैं जिनकों दिसंबर माह के पहले तक प्रतिमाह चावल का आबंटन होता था किंतु दिसंबर माह में ऐसे हितग्राहियों के चावल का आबंटन बंद कर दिया गया जिनके एक सदस्य की भी केवाईसी नहीं हुई थी। ऐसे कार्डधारियों की संख्या 12 हजार है जिनके केवाईसी को लेकर शिकायतें सामने आयी थी। 1 लाख 10 हजार राशन कार्डधारियों के नाम से नवंबर 2025 तक लगातार राशन आता रहा लेकिन दिसंबर में 98 हजार राशन कार्डधारियों का आबंटन शासन की ओर से जारी किया गया। ऐसे हितग्राही जब राशन लेने पीडीएस दुकान पहुंचे तो उनके नाम से खाद्यान्न नहीं ⏭ शेष पेज 3 पर

### शिकायत वाली दुकानों की चल रही जांच

खाद्य विभाग के द्वारा ऐसे पीडीएस दुकानों के खिलाफ जांच भी चल रही है जहां चावल वितरण को लेकर लंबे समय से अनियमितता बरती जा रही है ऐसे पीडीएस दुकान संचालकों के द्वारा बुजुर्ग दिव्यांग तथा अंत्योदय योजना के हितग्राहियों के चावल आबंटन के दौरान गफलत की गई है। कई ऐसे क्षेत्रों से शिकायत आयी है जहां 2-2 महीने के चावल हितग्राहियों को नहीं मिला है। जिन पीडीएस दुकानों के खिलाफ जांच चल रही है उनमें आमापाली, कुदुरमाल एवं बगबुड़ा की पीडीएस दुकानें शामिल हैं जिनके खिलाफ जांच पूरी होने के बाद दुकान निलंबन जैसी कार्यवाही भी की जाएगी।

### केवाईसी अपडेट नहीं था

जिले के ऐसे 12 हजार हितग्राही है जिनका केवाईसी अपडेट नहीं था। इसलिए इनके दिसंबर माह का चावल का वितरण नहीं हो सका है। केवाईसी अपडेट कराने अभी भी पीडीएस दुकानों में चल रहा है। केवाईसी अपडेट कराने के बाद ही आने वाले महीनों का चावल हितग्राहियों को मिल सकेगा।

-घनश्याम कंवर
जिला खाद्य अधिकारी

### निराश्रित बुजुर्ग हितग्राहियों को मिली राहत

नए वर्ष में निराश्रित बुजुर्ग, दिव्यांग, अंत्योदय हितग्राहियों के लिए राशन कार्ड नियम में शिथिलीकरण किया गया है। जनवरी माह में ऐसे हितग्राहियों का राशन जारी किया गया है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि निराश्रित, बुजुर्ग, दिव्यांग सहित ऐसे हितग्राही जिनकी केवाईसी नहीं हुई थी या जिनके केवाईसी के दौरान फिंगरप्रिंट नहीं उभर कर आ रहे थे उनके लिए नियम शिथिल किए गए हैं। जनवरी माह में ऐसे लोगों को खाद्यान्न मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### दो युवतियों के साथ युवक ने की मारपीट




**बिलासपुर।** होटल में नाश्ता करने गई दो युवतियों के साथ युवक ने गाली गलौज कर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावर युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कुदूदण्ड में किराए के मकान में रहने वाली एक युवती अपनी सहेली के साथ 6 जनवरी कोनेहरू चौक स्थित रतन लस्सी होटल में नाश्ता करने गई थी। संजय तरण पुष्कर के पास अन्ना डोस दुकान चलाने वाला युवक आया और उनके पास जाकर बैठ गया। युवतियों ने दूर बैठने को कहा तो युवक उनके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। होटल में उपस्थित लोगों के द्वारा बीच बचाव करने पर युवक जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर अन्ना डोसा वाले के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**बिलासपुर।** बीड़ी पीने के विवाद में एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कुदूदण्ड गायत्री मंदिर निवासी शेख जुनैफ पिता शेख रज्जाक 6 जनवरी की सुबह किराना दुकान से सामान लेकर घर जा रहे थे। इसी दौरान नानू मराठा आया और एक सप्ताह पहले बीड़ी पीने को लेकर हुए विवाद की बात को लेकर गाली गलौज करने लगा। मना करने पर उसने शेख जुनैफ पर चाकू से गर्दन पर हमला किया। परिजन शेख जुनैफ को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। पुलिस ने शेख जुनैफ की रिपोर्ट पर हमलावर नानू मराठा के खिलाफ बीएनएस की धारा 118, 1, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### क्रिकेट सट्टा, पकड़े गए 2 खाईवाल, गए जेल

**बिलासपुर।** शहर में दर्जन भर खाईवाल बेखौफ होकर शहर में आनलाइन क्रिकेट सट्टा बाजार चला रहे हैं। एसएसपी के आदेश पर सीएसपी के विशेष टीम ने शहर में धरकपड़ करते हुए मात्र दो खाईवालों को पकड़ पाई है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं एक अन्य खाईवाल को पकड़कर पूछताछ की जा रही है। 6 जनवरी को टीम ने शहर में पतासाजी करते हुए महाराणाप्रताप चौक के पास खाईवाल अविनाश वाधवानी उर्फ अवि पिता श्यामलाल वाधवानी 28 साल गार्डन सिटी मोपका निवासी को क्रिकेट सट्टा खिलाते पकड़ लिया, इसी तरह व्यापार विहार छोटी पार्किंग के पास आयुष अग्रवाल उर्फ आकाश पिता अनिल कुमार अग्रवाल 31 साल विनोबा नगर निवासी को क्रिकेट सट्टा खिलाते पकड़ा। दोनों के पास से आनलाइन सट्टा से संबंधित व्हाट्सएप स्क्रीनशॉट, 5 हजार रुपए नकद, 2 मोबाइल जब्त किया गया है।

### महिला समूह से 3 लाख की ठगी, एजेंट गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बैंक में जमा कराने का झांसा देकर महिला समूह से 3 लाख 13 हजार 883 रुपए की ठगी करने वाली महिला एजेंट को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीपत टीआई राजेश मिश्रा ने बताया, देवरी निवासी पार्वती केशरवानी पति शिव कुमारी केशरवानी 35 साल ने रिपोर्ट लिखाई। सखी क्रेडिट सहकारी समिति मर्यादित सखी बैंक की एजेंट आरती देवी जांगड़े व सीईओ हेमलता साहू के द्वारा श्रीमती केशरवानी एवं गांव में अन्यलोगों के साथ सखी बैंक में पैसाजमा करवाने के नाम पर राशि ली गई। वर्ष 2012 से 2025 तक लगातार हर माह समूह की महिलाओं से पैसा जमा करवाकर कुल 3 लाख 13 हजार 883 रुपए बैंक में जमा नहीं कर गबन कर दिया गया । मामले में अपराध कायम कर एएसआई धर्मेन्द्र यादव ने एजेंट देवरी निवासी आरती देवी जांगड़े पति राम प्रसाद जांगड़े 37 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

---

**कलेक्टोरेट परिसर में ही संचालित भवन हुए रंग-बिरंगे** | **पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग सहित सारे शासकीय भवनों में पान-गुटके की पीक**

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26: रैंकिंग में बट्टा लगाएंगे लाल धब्बे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में शासकीय भवनों में पान-गुटके की पीक से बने लाल-पीले धब्बे स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग में बट्टा लगा सकते हैं। कलेक्टोरेट परिसर और पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग की बात करें तो लगभग सारे विभागों की दीवारें लाल-पीले धब्बों से अटी पड़ी हैं।

नई कंपोजिट बिल्डिंग की दीवारों में हाल ही में कराई गई वालपुट्टी से यहां तो इज्जत बच गई है, लेकिन कब तक बची रहेगी इसकी कोई गारंटी नहीं है। देश में स्वच्छता के मामलों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले शहरों की रैंकिंग कर स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से किए जा रहे सर्वेक्षण में शहरवासियों की छोटी सी गलती ही रैंकिंग कम कर सकती है। स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत शासकीय भवनों की साफ-सफाई, विशेषकर भवन की दीवारों पर कर्मचारियों व आम जनता के द्वारा पान-गुटका खाकर पीक के जरिए की गई गंदगी से सर्वेक्षण के नंबर काटे जा सकेंगे।बिलासपुर शहर की बात करें तो यहां पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग में संचालित सभी तैंतीस विभागों की दीवारें लाल-पीले रंग में रंगी हुई हैं। पान-गुटका खाने वालों ने खिड़की व दरवाजों को भी नहीं छोड़ा है। ऐसे में पूरे भवन की ही नए सिरे से साफ-सफाई करने की जरूरत होगी। इसी तरह कलेक्टोरेट परिसर में संचालित लगभग सभी कक्षों में भी दीवारों की यही हालत है। कलेक्टोरेट के ग्राऊंड फ्लोर से अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय जाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सीढ़ियों में भी पान-गुटका खाने वालों ने अपने गहरे निशान छोड़ रखे हैं। समय रहते इन सारे दाग-धब्बों को न केवल साफ करना होगा, बल्कि आगे ऐसा नहीं करने संबंधी लोगों को प्रेरणा भी देने की जरूरत होगी। इसके बाद ही स्वच्छता सर्वेक्षण में पहली या सम्मानजनक रैंकिंग बिलासपुर शहर को मिल सकेगी।



### सीधे कटेंगे 150 नंबर

स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान शासकीय भवनों में दिखने वाली पान-गुटके की पीक के निशान एवं प्रतिबंधित क्षेत्रों में पेशाब के दाग-धब्बों से सीधे 150 अंक काटे जाने की तैयारी है। ऐसे में शासकीय विभागों की दीवारों से न केवल इस तरह की गंदगी हटाना, बल्कि ऐसी गंदगी न करने के लिए लोगों को प्रेरित करना भी अति आवश्यक है।

### नई कंपोजिट बिल्डिंग में दिखी जागरूकता

नई कंपोजिट बिल्डिंग में सभी फ्लोर में दीवारों पर वालपुट्टी कराई गई है। पुट्टी कराने के बाद सीढ़ियों पर प्रत्येक कोने में डस्ट बिन रखे गए हैं। यहां लोगों ने काफी जागरूकता दिखाई हैं, जिससे आज की स्थिति में कचरे व पान-गुटके की पीक डस्टबिन तक ही सीमित व दीवारें साफ-सुथरी हैं।

---

**आधार के लिए पहले डिजिटल सर्टिफिकेट बनवाना होगा**

# 4 लाख बच्चों के स्कूलों में दाखिले और आधार कार्ड अपडेट जैसे काम अटके

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूएडीआई) ने स्पष्ट कर दिया है कि केवल क्यूआर कोड वाले डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे। इस नए नियम से करीब 4 लाख बच्चों के दाखिले और आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया अटक गई है।

दरअसल वर्ष 2018 से 2020 के बीच राज्य में 6.16 लाख जन्म प्रमाण पत्र के आवेदन हुए, जिनमें से 5.15 लाख प्रमाण पत्र जारी किए गए। इनमें से अधिकतर ग्रामीण इलाकों के लगभग 4 लाख मैनुअल प्रमाण पत्र क्यूआर कोड रहित हैं। अब आधार के लिए पहले डिजिटल सर्टिफिकेट बनवाना होगा, जिसमें कोड जनरेट होने के बाद ही आधार कार्ड बन सकेगा। यह लंबी और तकनीकी रूप से जटिल प्रक्रिया है। पंचायत स्तर पर सर्वर की धीमी गति और प्रशिक्षण की कमी के कारण प्रक्रिया और भी धीमी हो गई है। प्रदेश के लाखों परिवारों के ऐसे बच्चे हैं जिन्हें डिजिटल जन्म प्रमाण के नए नियम के चलते समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नए नियम बच्चों व पालकों के लिए गंभीर समस्या बनी हुई है। लाखों ग्रामीण परिवार अपने बच्चों के आधार कार्ड और स्कूल एडमिशन के लिए भटक रहे हैं, क्योंकि पुराने मैनुअल जन्म प्रमाण पत्र अब आधार बनाने के लिए मान्य नहीं हैं।

- **यह लंबी और तकनीकी रूप से जटिल प्रक्रिया है**

अधिकारी भी मान रहे हैं कि 2021 के बाद से सभी जन्म प्रमाण पत्र केंद्र सरकार के पोर्टल से क्यूआर कोड सहित बन रहे हैं। फिर भी तकनीकी जानकारी की कमी और सर्वर की सुस्ती के कारण कई पंचायत सचिव अब भी मैनुअल प्रमाण पत्र जारी कर रहे हैं, जिससे बच्चों के आधार कार्ड अटक रहे हैं।

### क्यूआर कोड वाले डिजिटल जन्म प्रमाण-पत्र ने बढ़ाई मुश्किलें




### पालकों की लगातार बढ़ रही परेशानी

गौरतलब है कि गांवों में हजारों बच्चों ने पुराने मैनुअल प्रमाण पत्र के आधार पर स्कूल में दाखिला लिया है। अब स्कूलों द्वारा आधार अनिवार्य करने पर अभिभावक परेशानी में हैं। पोर्टल की धीमी गति और तकनीकी दिक्कतों के चलते न तो नया डिजिटल प्रमाण पत्र समय पर बन पा रहा है, न आधार कार्ड। ऐसे में बच्चों समेत पालकों दोनों को परेशानी हो रही है।

### इस तरीके से होते चले गए बदलाव

गौरतलब है कि 2012 से पहले जन्म प्रमाण पत्र पूरी तरह मैनुअल तरीके से बनते थे। 2012 के बाद चिप्स के जरिए डिजिटल सर्टिफिकेट बनने लगे, लेकिन क्यूआर कोड नहीं होता था। 2015 में इसे अपडेट किया गया। शहरों में क्यूआर कोड के साथ सर्टिफिकेट बनने लगे, लेकिन पंचायतों में अब भी मैनुअल जारी होते रहे। 2021 के बाद भारत सरकार के केंद्रीय पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हो गया, अब सभी सर्टिफिकेट क्यूआर कोड सहित बन रहे हैं। वर्तमान स्थिति में पुराने सर्टिफिकेट आधार के लिए अमान्य है। इससे ग्रामीण परिवार सबसे ज्यादा परेशान हैं।

### एडमिशन की परेशानी का ध्यान

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूएडीआई) ने स्पष्ट कर दिया है कि केवल क्यूआर कोड वाले डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे। इससे थोड़ी परेशानी तो है लेकिन बच्चों के एडमिशन में किसी तरह की समस्या ना आए इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। आधार अपडेशन की कार्रवाई में जरूर तकनीकी और जटिल प्रक्रिया के कारण समस्या हो रही है। - **आरपी आदित्य,** संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग

---



# खराब सड़क पर अनियंत्रित होकर कार नदी में गिरी, डाक्टर घायल

**बिलासपुर।** खराब सड़क पर तेज रफ्तार कार रिवरव्यू में नदी में गिर गई। कार सवार डाक्टर घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली टीआई देवेश राठौर ने बताया, 7 जनवरी को दोपहर में अपोलो हास्पिटल के डॉ. दीपक साहू कार क्रमांक सीजी 10 एटी, 4851 से रिवरव्यू होते हुए शनिचरी की ओर जा रहे थे। सड़क पर निर्माणाधीन कार्य चलने से उनकी कार अनियंत्रित होकर तेज रफ्तार से नदी में उतर गई। हादसे के बाद लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने डा. साहू को कार से बाहर निकालकर पुलिस को सूचन दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल डाक्टर को सिम्स लेकर गई। प्राथमिक इलाज के बाद डाक्टर अपना इलाज कराने निजी हास्पिटल चले गए हैं।

---

# उधर चावल उत्सव, इधर डेढ़ लाख लोगों का खाद्यान्न आबंटन रूका

## केवायसी अपडेट कराते ही हो जाएगा आबंटन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में 2 से 9 जनवरी तक उपभोक्ता जागरूकता सप्ताह के आयोजन के दौरान चावल उत्सव का आयोजन भी किया जा रहा है। इधर इसी बीच ई-केवायसी नहीं कराने वाले जिले के डेढ़ लाख सदस्यों का जनवरी माह का खाद्यान्न आबंटन रोक दिया गया है। खाद्य विभाग के अनुसार फिलहाल केवल आबंटन रोकने की कार्रवाई हुई है, कार्ड निरस्त नहीं किए गए हैं। संबंधितों के द्वारा ई-केवायसी अपडेट करते ही लंबित खाद्यान्न जारी कर दिए जाएंगे।

- **ई-केवायसी नहीं कराने वालों को पहले ही दे दी गई थी चेतावनी**
- **2 से 9 जनवरी तक उपभोक्ता जागरूकता सप्ताह व चावल उत्सव का आयोजन**

केवायसी अपडेट करने में लेटलतीफी या लापरवाही कितनी भारी पड़ सकती है यह बात उन राशनकार्डधारी सदस्यों को पता चल चुकी होगी, जिनके जनवरी माह के खाद्य आबंटन रोके गए हैं। वो भी तब जब छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इसे रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाते हुए 2 से 9 जनवरी के बीच चावल उत्सव का आयोजन किया जा रहा हो। शासन द्वारा बीते एक साल से लगातार ई-केवायसी कराने के संबंध में समझाईश दी जा रही थी, लेकिन इसके बाद भी इसमें दिलचस्पी नहीं लेने के कारण डेढ़ लाख लोगों के इस महीने के खाद्यान्न आबंटन अंततः रोक दिए गए।



जिले में जारी राशनकार्डों में कुल सदस्यों की संख्या 18 लाख 20 हजार है। बीते महीने तक इनमें से करीब दो लाख लोगों ने ई-केवायसी नहीं कराया था। इस दौरान सारे लोगों को आबंटन रोके जाने की जानकारी दी गई थी, जिसके बाद ई-केवायसी कराने वालों की भारी भीड़ खाद्य विभाग के कार्यालय में भी नजर आने लगी थी। इधर अंत तक ई-केवायसी से दूर रहने वाले डेढ़ लाख लोगों का खाद्यान्न आबंटन रोकने की कार्रवाई कर ही दी गई।

### कार्ड निरस्त नहीं किए गए हैं

जनवरी माह में ई-केवायसी नहीं कराने वाले डेढ़ लाख सदस्यों के खाद्यान्न आबंटन होल्ड पर रखे गए हैं। कार्ड किसी के भी निरस्त नहीं किए गए हैं। ई-केवायसी अपडेट करते ही लंबित खाद्यान्न आबंटन जारी कर दिए जाएंगे। उपभोक्ता जागरूकता सप्ताह के दौरान अधिक से अधिक लोगों के ई-केवायसी अपडेट करने का प्रयास किया जा रहा है।

-**अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

### प्रदेश में कहीं भी करा सकेंगे ई-केवायसी

जिन सदस्यों के ई-केवायसी नहीं हो सके हैं उन्हें अपने मुख्य राशन दुकान में ही जाकर ई-केवायसी अपडेट करने की बाध्यता नहीं है। वे प्रदेश में जहां भी हैं, वहीं ई-केवायसी अपडेट कर सकते हैं। अपडेट होने के बाद उनके लंबित खाद्यान्न का आबंटन जारी किया जा सकेगा।

### 20 दिनों में 50 हजार लोगों ने कराया अपडेट

ऐसा बिल्कुल नहीं है कि लोगों के द्वारा ई-केवायसी अपडेट करने में दिलचस्पी नहीं ली जा रही है।खाद्य विभाग की खाद्यान्न आबंटन रोके जाने संबंधी सूचना के बाद बीते बीस दिनों में ही 50 हजार सदस्यों ने अपना ई-केवायसी करा लिया है। विभाग ने इसी तरह गंभीरता दिखाते हुए जल्द से जल्द ई-केवायसी अपडेट करा लेने को कहा है।

---

### भाजपा नेता का बेटा है एटीआर में फायरिंग का फरार आरोपी

**बिलासपुर।** अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन सुरही में एयरगन लेकर अंदर प्रवेश करने के बाद फायरिंग करने वाले चार आरोपियों में से एक आरोपी अभी भी फरार है। फरार आरोपी भाजपा नेता का सुपुत्र है, जिसकी जानकारी होने के बाद भी एटीआर प्रबंधन उसे गिरफ्तार नहीं कर पा रहा है।

अचानकमार टाइगर रिजर्व के प्रतिबंधित जोन से लगे क्षेत्र में अनधिकृत रूप से प्रवेश कर हथियार लहराने के मामले में तत्काल प्रभाव से संबंधित बैरियर गार्ड को कार्य से पृथक कर दिया और संबंधित परिक्षेत्र अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2, 9, 27, 29, 38, 39, 50 एवं 51 के उल्लंघन के तहत कार्रवाई करते हुए चार में से तीन आरोपी राजाबाड़ी लोरमी निवासी अजीतदास वैष्णव, पिता स्व.रामकुमार दास वैष्णव 26 वर्ष, तुमड़ीबोड़ राजनादगांव निवासी विकांत वैष्णव पिता विजय दास वैष्णव 36 वर्ष और मुंगेली रोड लोरमी निवासी अनिकेत मौर्य पिता सुनील मौर्य 27 वर्ष गिरफ्तार कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उन्हें 14 दिवस की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इन आरोपियों में अब तक एक आरोपी फरार घोषित किया जा चुका है। इसमें जो वीडियो वायरल हुआ है, उस वीडियो में चार आरोपी दिखाई दे रहे हैं। इनमें जैसे ही युवक सुरही रेंज के गेट पर पहुंचते हैं, बैरियर गार्ड गेट खोल देता है। नियमों पर गौर करें तो कोई भी अंजान व्यक्ति भीतर एंट्री नहीं कर सकता। एयरगन लिए बेखौफ अंदर घुसे और फायरिंग भी की। जिम्मेदार अफसरों को इसकी भनक नहीं लगी। इसके अलावा वीडियो में रायफल के साथ युवक, जंगल की ओर राइफल तानकर निशाना साधने, बैरियर उठाने, आग जलाने, रात होने के बाद फायरिंग और आसमान की ओर रायफल से एक के बाद एक कई बार फायरिंग भी साफ दिखाई दे रही है। 27 दिसम्बर की घटना के बाद तीन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन एक आरोपी अभी भी फरार है। यह आरोपी भाजपा नेता का बेटा है, जिसकी जानकारी प्रबंधन को भी लग गई है। इसके बाद भी फरार आरोपी की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है।

- **सारी जानकार के बाद भी प्रबंधन नहीं कर पा रहा है गिरफ्तार**

---

**एसडीएम को भूमि तलाशने की जिम्मेंदारी**

# जिले में सरकारी सैनिक स्कूल को मंजूरी, 10 एकड़ भूमि में लेगा आकार

**बिलासपुर।** जिले को एक नए शासकीय सैनिक स्कूल खोलने की स्वीकृति मिली है। सैनिक स्कूल दस एकड़ भूमि में आकार लेगा। कलेक्टर द्वारा इसके लिए 10 एकड़ शासकीय भूमि चिन्हांकित करने के निर्देश एसडीएम को दिए हैं। ज्ञात हो कि जिले में एक निजी सैनिक स्कूल पहले से संचालित है।

शासकीय सैनिक स्कूल की स्थापना को लेकर जिलेवासियों के कई दशकों का इंतजार अब समाप्त हो जाएगा। शासन द्वारा बिलासपुर जिले में एक सरकारी सैनिक स्कूल की स्थापना को मंजूरी दी गई है। प्रदेश के सभी संभागों में एक-एक सैनिक स्कूल स्थापित किए जाने हैं। सैनिक स्कूल की स्थापना के लिए दस एकड़ भूमि की आवश्यकता पड़ेगी। बुधवार को आयोजित टीएल की बैठक में कलेक्टर द्वारा भूमि के शीघ्र चिन्हांकन के निर्देश सारे एसडीएम को दिए गए हैं। कलेक्टर ने बैठक के दौरान न केवल शहर, बल्कि आसपास के विकास को लेकर मंत्रालय में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि अगले 20-25 सालों में बिलासपुर शहर की जरूरतों का आंकलन कर इसी दिशा में हमें काम करना है। चूंकि बिलासपुर राज्य का दूसरा बड़ा शहर है, जिससे जनसुविधाएं और अन्य विकास कार्यों में हमें अच्छा व ऐसा काम करना है, जो ठेकेदारों की सुविधा के अनुसार नहीं बल्कि जनसुविधाओं को ध्यान में रखकर किया जाए।

### सभी संभागों को मिली है मंजूरी

सभी संभागों को एक-एक शासकीय सैनिक स्कूलों की स्थापना की मंजूरी मिली है। इसके अंतर्गत बिलासपुर जिले में भी एक शासकीय सैनिक स्कूल स्थापित किया जाना है। इसके लिए दस एकड़ भूमि के चिन्हांकन के लिए एसडीएम को निर्देशित किया गया है।

-**संजय अग्रवाल**, कलेक्टर

### शहर में नहीं है जमीन तखतपुर-कोटा से उम्मीद

शासकीय सैनिक स्कूल के लिए दस एकड़ भूमि की आवश्यकता पड़ेगी। कलेक्टर द्वारा इसके लिए एसडीएम को भूमि की तलाश कर चिन्हांकित करने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम बिलासपुर के अनुसार शहर व आसपास दस एकड़ शासकीय भूमि उपलब्ध नहीं है। ऐसे में तखतपुर या कोटा क्षेत्र में ही भूमि की उपलब्धता तलाशी जाएगी।

### जमीन सीमित हैं, मजबूत भवन बनाएं

कलेक्टर ने विकास एवं निर्माण कार्यों के लिए सरकारी भूमि की सीमित उपलब्धता को बताते हुए कहा कि भविष्य में योजनाओं के विस्तार के लिए भूमि की निरंतर जरूरत पड़ती रहेगी। ऐसे में अधिकारी वर्तमान में निर्माणाधीन भवनों की बुनियाद इतनी मजबूत रखें कि भविष्य में उसके ऊपर दो-तीन मंजिला भवन बनाया जा सके।

---

# मटर तोड़कर खाने पर बच्चों की बेरहमी से पिटाई करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

खेत से मटर तोड़कर खाने पर मासूम बच्चों की हाथ पैर बांधकर पिटाई करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने बच्चों को बंधक बनाकर उनके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपी को जेल भेज दिया है।

बता दें कि 6 जनवरी को एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें दो मासूम बच्चों के हाथ पैर बांधकर उनकी पिटाई की जा रही थी। मासूम बच्चों को खेत से मटर तोड़कर खाने पर इतनी बड़ी सजा एक सनकी युवक ने दी। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद एसपी वैभव बैंकर रमनलाल ने इस मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों पर



कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इस बीच पुलिस ने नाबालिग बच्चे के पिता की शिकायत पर अपराध दर्ज करने के साथ ही मामले कि जांच शुरू की और ग्राम लडुआ, निवासी 26 वर्षीय कपिल उरांव को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि 4 जनवरी को उसके चाचा और पड़ोसी के बच्चे खेत से मटर तोड़कर खा रहे थे। ऐसे में आक्रोशित होकर उसने दोनों बच्चों के साथ गाली गलौज करने के साथ ही हाथ मुक्का व पैर से मारपीट की गई। इसके साथ ही दोनों नाबालिग बच्चों के हाथ पैर को रस्सी से बांधकर घर के आंगन में गुप्त रूप से बंधक बना लिया। महज सात वर्षीय बच्चों के साथ मटर खाने को लेकर की गई इस अमानवीय हरकत के लिए पुलिस ने आरोपी कपिल टोप्पो को बीएनएस की धारा 137(2), 296, 351(2), 115(2), 127(2) व 140(3) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

---

### नवजात की मौत का मामला, 10 दिन बाद भी जांच रिपोर्ट नहीं मिली

**बिलासपुर।** अपोलो अस्पताल में प्रसव पीड़िता से लापरवाही और नवजात की मौत का मामला अबत अनसुलझा है। घटना को 10 दिन बीत चुके है, लेकिन सीएमएचओ के द्वारा गठित टीम की जांच रिपोर्ट नहीं आ सकी है। बताया जा रहा है कि जांच कलेक्टर के निर्देश पर की जानी है, लेकिन इसके बाद भी टीम ने ठोस रिपोर्ट अबतक पेश नहीं की है। ऐसे में टीम के जांच करने के तरीके पर भी सवाल उठ रहे हैं। दरअसल 23-24 की दरमियानी को विनोबा नगर निवासी पीहू अग्रवाल को प्रसव के लिए हुई दिक्कतों के कारण नवजात की मौत हो गई थी। मामले में अपोलो प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगा था और मामला कलेक्टर तक पहुंच चुका था। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमएचओ को टीम बनाकर जांच करने के निर्देश दिए थे। सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल ने 4 सदस्यीय टीम गठित की है लेकिन 10 दिन बाद भी टीम की जांच अधर में अटकी हुई है। टीम में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ अनिल गुप्ता, गायनोलॉजिस्ट डॉ कृष्णा मित्तल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ रविन्द्र बागड़े, और रेडियोलॉजिस्ट डॉ सीबी मिश्रा को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।

---

# कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रुप से घायल, इलाज जारी

**रामानुजगंज।** रामचंद्रपुर–सनवाल मुख्य मार्ग पर आज दोपहर ग्राम टकिया के समीप सनवाल की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार के चालक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक युवक कार के बोनट में फंसकर लगभग 200 मीटर तक घसीटता चला गया। दुर्घटना में गंभीर हुए दोनों युवकों को रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार दुर्घटना में घायल युवकों की पहचान सुमन कुमार आ. लालमोहन ( 22 वर्ष) निवासी हरिहरपुर तथा दिलीप भुइयां आ. कृष्णा (22 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा कि दोनों युवक एक दिन पूर्व बाइक से ग्राम आरागाही अपने ससुराल गए थे और आज दोपहर वापस लौट रहे थे तभी ग्राम टकिया के पास दुर्घटना हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक को जबरदस्त टक्कर मारी, जिससे सुमन कुमार बाइक से उछलकर कार के बोनट पर गिर गया और कार उसे लगभग 200 मीटर तक घसीटते हुए ले



गई। वहीं दिलीप भुइयां सड़क पर गिर पड़ा जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल रामानुजगंज अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय बलरामपुर रेफर कर दिया गया।

## खबर संक्षेप

### कटघोरा से 12 को निकलेगी श्रद्धा सेतु यात्रा

**कोरबा।** कटघोरा से अयोध्या तक बाइक रैली के साथ नगर के युवाओं के द्वारा श्रद्धा सेतु यात्रा 12 जनवरी को निकलेगी। जिसकी तैयारियां की जा रही है। 14 जनवरी को यात्रा अयोध्या पहुंचेगी। जहां मंदिर दर्शन के बाद 16 जनवरी को कटघोरा वापसी होगी। यात्रा शुरु होने के पहले दिन कटघोरा क्षेत्र में आसपास के ग्रामीण अंचल के लोग यात्रा को रवाना करने के लिए जुटेंगे। यात्रा के लिए अलग अलग टोलियां बनाई गई है जिनका पंजीयन किया जा रहा है। सब टोली के अलग अलग ग्रुप लीडर तैयार किए गए हैं। 7 जनवरी तक यात्रा पर जाने वालों का पंजीयन किया गया है। उक्त जानकारी पार्षद वार्ड क्रमांक 18 एवं जिला महामंत्री भारतीय युवा मोर्चा कोरबा नरेंद्र देवांगन ने दी है।

### विधायक की पहल से 23.50 किमी के सड़क को मिली स्वीकृति

**कोरबा।** रामपुर विधानसभा के विधायक फूल



सिंह राठिया ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वे केवल घोषणाओं की राजनीति नहीं, बल्कि काम की राजनीति करते हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत रामपुर विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक फूल सिंह राठिया की निरंतर सक्रियता और प्रभावी पहल के परिणामस्वरूप जिले में कुल 23.50 किलोमीटर लंबाई की ग्रामीण सड़कों के निर्माण एवं अनुरक्षण कार्यों को स्वीकृति दी गई है। इन परियोजनाओं पर 2175.59 लाख की लागत आएगी। यह स्वीकृति बैच-I, वर्ष 2025-26 के अंतर्गत प्रदान की गई है। प्रस्तावित सड़कों का निर्माण करतला एवं कोरबा विकासखंड में किया जाएगा, जिससे वर्षों से बुनियादी सड़क सुविधा से वंचित ग्रामीण अंचलों को मुख्य मार्गों से जोड़ा जा सकेगा। इन परियोजनाओं में चोरभट्टी से तराईमार वाया कछार (7.40 किमी) सबसे लंबा मार्ग है, जिसकी अनुमानित लागत 696.87 लाख निर्धारित की गई है। करतला विकासखंड में बेहरचुंवा रोड से बिंझकोट, नोनदरहा मेन रोड से बरभाठा, चिचोली रोड से मैनपारा जैसे मार्गों को स्वीकृति मिली है। वहीं कोरबा विकासखंड में चाकामार मेन रोड से हथीमुढ़, गोढ़ी मेन रोड से दैहानभाठा, बासीन रोड से कोदवारी तथा सुर्वे मेन रोड से अकदाहा तक सड़क निर्माण कार्य प्रस्तावित हैं।

### केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 के चेयरमैन की दी गई विदाई



**कोरबा।** केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 कोरबा एनटीपीसी में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के नॉमिनी चेयरमैन केएन सिंह के विदाई सम्मान में आयोजित किया गया था। प्राचार्य द्वारा केएन सिंह का पुष्पगुच्छ, शॉल तथा श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया। प्राचार्य सुनील कुमार साहू ने अपने संबोधन में चेयरमैन साहब के मार्गदर्शन और सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्री सिंह के कुशल नेतृत्व और सुझावों ने विद्यालय को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने और शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाई है। वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती अर्चना खरे ने भी अपने विचार साझा किए।

### सात माह से नहीं बुलाई गई सामान्य सभा : कृपाराम साहू

**कोरबा।** नगर निगम की सामान्य सभा पिछले 7 महीनों से आयोजित नहीं किए जाने पर अब सियासी पारा चढ़ गया है। नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने इस मुद्दे पर निगम अध्यक्ष को पत्र लिखते हुए नियमों की अनदेखी और जनहित की उपेक्षा का गंभीर आरोप लगाया है। छग नगर पालिक निगम अधिनियम के अनुसार प्रत्येक दो माह में सामान्य सभा आयोजित किया जाना अनिवार्य है। इसके बावजूद 2 मई 2025 के बाद से एक भी सामान्य सभा नहीं बुलाई गई, जो नियमों का सीधा उल्लंघन है। नेता प्रतिपक्ष ने आगे लिखा है कि सामान्य सभा ही वह मंच है जहाँ शहर के विकास कार्यों, जनसमस्याओं और योजनाओं पर खुली चर्चा होती है। सभा न होने से पार्षदों के अधिकार बाधित हो रहे हैं, वहीं शहर के विकास पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पत्र में यह भी कहा गया है कि अब तक 3 से 4 सामान्य सभाएं हो जानी चाहिए थीं, लेकिन एक भी बैठक न बुलाया जाना कार्यप्रणाली पर सवाल करता है।

# टीबी उन्मूलन की दिशा में जिला प्रशासन के अभियान में लॉयन्स क्लब की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में टीबी उन्मूलन अभियान को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर कुणाल दुदावत ने टीबी मरीजों को पोषण आहार किट का वितरण किया। उन्होंने मरीजों से आत्मीय बातचीत कर उनका हालचाल जाना और उपचार संबंधी आवश्यक सुझाव भी दिए।

कलेक्टर दुदावत ने कहा कि टीबी का उपचार पूरी तरह संभव है। नशा, अनुपयोगी खानपान और अस्वास्थ्यकर आदतों के कारण यह बीमारी किसी को भी हो सकती है, लेकिन समय पर जांच और उपचार से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए लगातार छह माह तक की नियमित दवा का सेवन आवश्यक है। डॉट्स पद्धति के तहत मिलने वाली दवाओं को समय पर लेना बेहद जरूरी है, अन्यथा बैक्टीरिया दोबारा सक्रिय होकर मरीज को फिर बीमार कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि उपचार अवधि में मरीजों को पूरक पोषण आहार, स्वच्छता और सावधानियों का पालन करना चाहिए ताकि शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़े और इलाज अधिक प्रभावी हो सके। कलेक्टर श्री दुदावत ने यह जानकारी भी दी कि जिले में टीबी उन्मूलन की दिशा में एक सशक्त अभियान चलाया जा रहा है। निक्षय निरामय मित्र के माध्यम से टीबी मरीजों की पहचान और उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। जिले में एक कॉल सेंटर स्थापित कर अधिक से अधिक एक्स-रे जांच कर मरीजों को उपचार से जोड़ने की पहल की गई है। उन्होंने बताया कि नई एक्स-रे मशीन प्राप्त करने की प्रक्रिया भी जारी है, जिससे आने वाले समय में जांच सुविधाएं और सुलभ हो सकेंगी। वनरेबल क्षेत्रों में संभावित टीबी रोगियों की पहचान कर उन्हें उपचार से जोड़ने की दिशा में भी तेजी से काम हो रहा है। लायंस क्लब के विक्रम अग्रवाल ने कहा कि क्लब का मूल उद्देश्य सेवा करना है और टीबी मरीजों की सहायता के लिए वे सदैव तैयार हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी जिला प्रशासन के साथ मिलकर हर आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### कलेक्टर ने मरीजों को बांटे पोषण किट

**खास बातें**

- डाट्स पद्धति से मरीजों का हो रहा उपचार
- बलगम जांच के लिए मरीजों का लिया जा रहा सेंपल




## उद्योग मंत्री ने पूर्वांचल विकास समिति भवन की बाउण्ड्रीवाल का किया भूमिपूजन

# भाजपा सरकार और उनके जनप्रतिनिधि निरंतर सेवा कार्यों में संलग्न : लखनलाल



भूमिपूजन करते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्वांचल विकास समिति की मांग पर भवानी मंदिर कौशल्य धाम परिसर की सुरक्षा के लिए बांउड्रीवाल का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत बतौर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे।

भूमिपूजन के दौरान उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि भाजपा सरकार और उनके जन प्रतिनिधि निरंतर सेवा कार्यों में संलग्न हैं तथा किसी भी जरूरतमद को निराश नही होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि समिति के मांग अनुरूप लगभग 25 लाख रूपये की लागत से बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि पूर्वांचल समाज एवं उससे जडे लोग सदैव जन सेवा को प्राथमिकता देते आये हैं। उन्होंने अशासन दिया कि पूर्वांचल विकास समिति कि अपेक्षाओं की पूर्ति में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी और महापौर संजूदेवी राजपूत ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रफुल्ल तिवारी, नवीन अरोरा, अशोक चावलानी, नारायण सिंह, तुलसी ठाकुर, अनिल गिरी, कमलेश यादव, अशोक सिंह, सुमन कुमार, विवेक सिंह, दानी शर्मा, अंबुज शर्मा, दीपक ठाकुर, विनय राय, हरेराम सिंह, सुरेन्द्र शर्मा, पार्षद सत्येन्द्र दुबे, निलेश शर्मा, मनजय सिंह, आर.डी.सिंह, संजय पाण्डेय, पिन्टू सिंह, नवीन शर्मा, विमल सिंह, मन्टू सिंह, संजय सिंह, रितेश सिंह, रविकांत सिंह, ललन सिंह, रविन्द्र सिंह, रंजीत सिंह, राहुल सिंह, चंदन मिश्रा, सुरेन्द्र बहादुर सिंह, मनोज सिंह, नीरज शर्मा, अजीत सिंह, अंचल सिन्हा, भाईया लाल यादव, गोपाल यादव, राजेश जायसवाल, नितिन यादव, नागेन्द्र राय, अरूण सिंह उपस्थित रहे।

### पूर्वांचल विकास समिति की केन्द्रीय कार्यकारणी बैठक संपन्न



**कोरबा।** पूर्वांचल विकास समिति की केन्द्रीय कार्यकारणी की बैठक बीते दिनों आहूत की गई। बैठक में संगठन से जुड़े विषयों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान समिति के नीतियों एवं अनुशासन के विरूद्ध आचरण पाये जाने के कारण अवधेश ठाकुर व समिति के संरक्षक राज किशोर प्रसाद को संगठन से निष्कासित करने का निर्णय सर्वसम्मिति से लिया गया और राहुल सिंह को पूर्वांचल विकास समिति युवा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनित किया गया। समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष आरए पाण्डेय ने बताया कि राहुल सिंह की अगवाई में युवा मोचों संगठन को नई दिशा प्रदान करेंगा। बैठक में अशोक तिवारी, कमलेश यादव, सत्येन्द्र दुबे, अशोक शर्मा, डीएन राय, वेदप्रकाश यादव, विनयराय, हरेराम सिंह, सुमन कुमार, विवेक सिंह, दीपक ठाकुर, अंबुज शर्मा, अशोक सिंह, विमल सिंह. अंचल सिन्हा, निलेश शर्मा, रंजीत सिंह, अजीत सिंह, सुरेन्द्र बहादूर सिंह, पिन्टू सिंह, ललन सिंह, रविन्द्र सिंह, शैलेन्द्र यादव, संजय पाण्डेय, राजेश जायसवाल, नागेन्द्र राय, सुरेन्द्र शर्मा, चंदन मिश्रा, भाईया लाल यादव, अरुण सिंह, मनोज सिंह, मनजय सिंह, आरडी सिंह उपस्थित रहे।

# एनजीटी के आदेश की अवहेलना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको पर एनजीटी के आदेश की अनदेखी कर गलत जानकारी देकर अनुमति हासिल करने का आरोप प्रदेश के पूर्व मंत्री राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने लगाया है। उन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) अध्यक्ष नई दिल्ली से की है और जांच की मांग की है।



जयसिंह अग्रवाल

पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने लिखित में शिकायत की है कि बालको ने एनजीटी के समक्ष असत्य व भ्रामक घोषण पत्र प्रस्तुत कर आवश्यक वैधानिक अनुमतियों के अभाव में ही कंसेंट टू स्टेब्लिश (सीटीई) व कंसेंट टू ऑपरेट (सीटीओ) प्राप्त किए हैं। एनजीटी के आदेश के अनुच्छेद 20 में स्पष्ट निर्देश है कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग तथा नगर निगम की पूर्व अनुमति के बिना सीटीई व सीटीओ जारी नहीं किए जा सकते। अभिलेखी तथ्यों के अनुसार नगर तथा ग्राम निवेश विभाग की अनुमति 24 नवंबर 2023 व नगर निगम की भवन अनुमति 13 फरवरी 2024 को प्राप्त की गई है। उक्त दोनों अनुमतियां एनजीटी के आदेश की तिथि 14 नवंबर 2022 के काफी बाद प्राप्त की गई है। इसके बावजूद अधिकरण के समक्ष यह दर्शाया गया कि सभी आवश्यक अनुमतियां पूर्व से उपलब्ध है। श्री अग्रवाल ने पत्र में कहा है कि एल्यूमिनियम स्मेल्टर, एल्यूमिनियम प्रोसेसिंग उद्योग केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मानदंडों के अनुसार रेड कैटेगिरी (अत्याधिक प्रदूषणकारी उद्योग) में आता है। जिसका प्रदूषण इंडेक्स (पीआई) 96.6 से 99.1 के बीच है। ऐसे उद्योगों के लिए भूमि उपयोग व भवन संबंधी पूर्व स्वीकृतियां मात्र औपचारिकता नहीं, बल्कि पर्यावरणीय सुरक्षा की मूलभूत शर्त होती है। श्री अग्रवाल ने बताया कि विधि विशेषज्ञों के अनुसार महत्वपूर्ण तथ्यों का दमन व असत्य घोषणा कर आदेश प्राप्त करना फ्रॉड आन ट्रिब्यूनल की श्रेणी में आता है। श्री अग्रवाल ने इसे लेकर पत्र में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का भी हवाला दिया है, जिसमें धोखाधड़ी से प्राप्त कोई भी आदेश को शून्य करने का उल्लेख है।

**खास बात**

- बालको पर पूर्व मंत्री जयसिंह का आरोपी

## सेजस चैतमा में छात्राओं को किया गया निःशुल्क सायकिल वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती सायकिल योजना के अंतर्गत अध्ययनरत पात्र 93 छात्राओं को निःशुल्क सायकिल का वितरण में मुख्य अतिथि डॉ पवन सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष कोरबा, सुकालू प्रजापति शाला विकास समिति सेजस चैतमा अध्यक्ष, राज लाल सिन्द्रम, शिवलाल पटेल जनपद सदस्य, अमर नाथ कैवर्त पूर्व शाला विकास समिति अध्यक्ष, डी के आदिले संसद प्रतिनिधि, भुवन सिंह कोर्राम विधायक प्रतिनिधि, सी पी जयसवाल, शेख इशरार, किताब सिंह, शीतल शर्मा प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम मंच संचालन वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी रासेयो एवं शिक्षक संकुल प्रभारी चैतमा छात्राओं की गरिमामय उपस्थित में साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ पवन सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष कोरबा ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना तथा विद्यालय आने-जाने में होने वाली कठिनाइयों को दूर करना है। सुकालू प्रजापति शाला विकास समिति के अध्यक्ष ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की यह योजना बालिका शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्राचार्य चंद्राणी सोम ने बताया कि सायकिल मिलने से छात्राओं की विद्यालय में उपस्थिति बढ़ेगी और वे आत्मनिर्भर बनेंगी।

## चालीहा महोत्सव का श्रद्धापूर्वक समापन शोभायात्रा व महाआरती में उमड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिंधी समाज के ईष्टदेव भगवान वरुण देव के अवतार सांई झूलेलाल के पावन चालीहा महोत्सव का श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ समापन किया गया। यह महोत्सव 22 नवंबर से श्री झूलेलाल मंदिर रानी रोड में निरंतर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया जा रहा था। चालीहा महोत्सव के दौरान श्री झूलेलाल मंदिर महिला सेवा समिति द्वारा प्रतिदिन श्री धूनी साहब का आयोजन कर भगवान झूलेलाल जी की महिमा का गुणगान किया गया। सर्व समाज के कल्याण और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समापन दिवस पर सुबह 11 बजे श्री झूलेलाल मंदिर में विधि-विधान से श्री बहराणे साहब की पूजा संपन्न हुई। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे सिंधु भवन रानी रोड में आम भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम 5 बजे श्री झूलेलाल मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर भ्रमण करते हुए ठाकुर घाट पुरानी बस्ती पहुंची। वहां महाआरती, पल्लव के पश्चात चालीहे साहब की ज्योत का परवान कर चालीहा महोत्सव का विधिवत समापन किया गया। इस अवसर पर श्री झूलेलाल मंदिर सेवा समिति कोरबा के सेवादारों ने सिंधी समाज सहित सभी धर्मप्रेमियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चालीहे महोत्सव ने समाज में भाईचारे, श्रद्धा और एकता का संदेश दिया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से समापन कार्यक्रम भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ।



शोभायात्रा में शामिल समाज के लोग।

# अग्रसेन भवन में किया जा रहा 28 नए कमरे का निर्माण



निर्माणाधीन अग्रसेन भवन के कमरे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



पवन अग्रवाल

अग्रसेन भवन कटघोरा में समाजहित की दिशा में एक बड़ा और सराहनीय कदम उठाया गया है नवीन अध्यक्ष पवन अग्रवाल (ज्योति) के नेतृत्व में सभा के सभी पदाधिकारियों की अगुवाई में 28 नए आधुनिक व सुसज्जित कमरों का निर्माण कार्य तेज़ी से कराया जा रहा है जो कि प्रगति पर है इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पूर्ण होने के बाद कटघोरा वासियों को इसका सीधा और व्यापक लाभ मिलेगा।

नए कमरों के निर्माण से अग्रसेन भवन में विवाह, सामाजिक,धार्मिक एवं पारिवारिक आयोजनों के दौरान ठहरने की सुविधा और अधिक सुलभ होगी इससे बाहर से आने वाले अतिथियों को भी बेहतर व्यवस्था मिल सकेगी तथा समाज की एकजुटता को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अग्रसेन भवन केवल एक इमारत नहीं, बल्कि समाज की आस्था और एकता का प्रतीक है हमारा उद्देश्य है कि कटघोरा के प्रत्येक समाजबंधु को यहां आधुनिक सुव्यवस्थित और सुलभ सुविधाएं प्राप्त हों जिसके लिए समाज के काफी प्रतिष्ठित अग्रबन्धुओं के द्वारा बन रहे इन कमरों के लिए अपना सहयोग प्रदान किया है सांथ ही अग्रवाल सभा कटघोरा की ओर से इस नए कमरों निर्माण के लिए समिति के सांथ सांथ निर्माण समिति का भी गठन किया गया है जिसमे मुख्य रूप ने घांसिराम अग्रवाल, अनिल मित्तल, अनिल अग्रवाल, रमेश अग्रवाल भवानी, सुरेश बंसल, ओमप्रकाश गोयल,भरत मित्तल, मोती मित्तल, शंकर लाल अग्रवाल, अशोक अग्रवाल रजकम्मा, चंद्रप्रकाश सिंघानिया, सन्तोष अग्रवाल जिनकी देख रेख में इस सुंदर व भव्य कमरों का निर्माण करवाया जा रहा है यह निर्माण कार्य समाज के सहयोग और विश्वास का परिणाम है भविष्य में भी हम अग्रसेन भवन को और अधिक सुविधाजनक एवं आदर्श बनाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे। कटघोरा क्षेत्र में इस निर्माण को लेकर समाज जनों में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल है यह परियोजना न केवल वर्तमान बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगी अग्रसेन भवन का यह विस्तार निश्चित रूप से कटघोरा के सामाजिक विकास में एक नया अध्याय जोड़ने वाला है।

# राज्य स्तरीय ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



प्रतियोगिता के दौरान मंचस्थ अतिति।

ग्राम सिंघिया में खेल प्रेमियों के लिए उत्साह और रोमांच से भरा क्षण देखने को मिला, जहाँ राज्य स्तरीय ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ. पवन सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत कोरबा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से एसडीओपी कटघोरा विनय सिंह राजपूत, संरक्षक नगर निरीक्षक धर्मनारायण तिवारी, पत्रकार संघ कटघोरा के अध्यक्ष अजय धनोंदिया समिति के अध्यक्ष नरेंद्र मित्तल, लक्षमन डिकसेना, संजय जायसवाल, नरेंद्र साहू, एएसआई राजेन्द्र सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सभी मंचस्थ अतिथियों ने पिच पर जाकर प्रारम्भिक मैच कोरबा व बिलासपुर के दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया एसडीओपी कटघोरा विनय सिंह ने भी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है बल्कि अनुशासन टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करता है। ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्य अतिथि डॉ. पवन सिंह ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार के राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रतिभाओं को आगे लाने का सशक्त मंच प्रदान करता है। आज प्रथम मैच बीएस मेमोरियल बिलासपुर व एमएस क्लब कोरबा के बीच खेला गया जिसमें बिलासपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। एम एस क्लब कोरबा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 192 रन बना पाई उसके जवाब में बी एस मेमोरियल बिलासपुर मात्र 153 रनों पर आल आउट हो गई इस प्रकार एम एस क्लब कोरबा ने यह मैच 30 रनों से जीत लिया जिसमे कोरबा टीम की तरफ से अभय पाण्डेय ने सर्वाधिक 48 रनों के योगदान दिया। प्रतियोगिता में जिलों से आई कुल 11 टीमों ने भाग लिया, जिसमे सरगुजा इलेवन, एम एस क्लब कोरबा, सीडब्लूआरटी अम्बिकापुर, वायसीसी बिलासपुर, दुर्ग, इलेवन, ब्लेक पेंथर दर्री, जीसीए बालको, यूसीए कोरबा, विश्व मित्र कटघोरा, बी एस मैमोरियल बिलासपुर, व्ही एमजीसी जैसी महत्वपूर्ण टीमो ने भाग लिया है। कार्यक्रम का संचालन टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक मनोज दुबे के द्वारा किया गया।

### झांसा देकर ठगी करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** जमीन की खरीदी बिक्री और शेयर मार्केट में रकम ढाई गुना करने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला थाना शिवरीनारायण क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजेश कुमार साहू ने 14 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2023 में आरोपियों ने जमीन के कारोबार और शेयर मार्केट में निवेश पर 25 माह में ढाई गुना रकम लौटाने का लालच दिया। भरोसे में आकर प्रार्थी ने 30 नवंबर 2023 से 25 अगस्त 2024 के बीच कुल 1 करोड़ 88 लाख रुपये जमा कर दिए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### दावा आपत्ति...

कार्यालयों में सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष बुलाया गया है। बीते 23 दिसंबर से चल रही दावा आपत्ति प्रक्रिया के दौरान सभी तहसील कार्यालयों में मतदाताओं की भीड़ उमड़ी हुई है जो तहसीलदार और अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष अपने दस्तावेज लेकर उपस्थित हो रहे हैं। जिनके द्वारा तहसील कार्यालय पहुंचकर अपने दस्तावेज के साथ अधिकारी के समक्ष उपस्थित हो रहे हैं। जिला मुख्यालय की कोरबा तहसील सहित पाली कटघोरा, पोड़ी उपरोड़ा तहसील कार्यालय में मतदाताओं की भीड़ उमड़ी हुई है।

### खड़े ट्रेलर से...

पंप के पास हुई दुर्घटना में व्यक्ति को काफी चोट आई थी जिसे जिला अस्पताल दाखिल किया गया था। इमलीछापर से लेकर सर्वमंगला चौक तक स्ट्रीट लाइट खराब होने से मार्ग अंधेरा रहता है। जिसकी वजह से मार्ग के किनारे खड़े वाहन दूर से दिखाई नहीं देते हैं और पास आने पर खडे वाहनों पर नजर जाता है जिससे चालक अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। खासकर छोटे वाहनों को आवागमन में ज्यादा दिक्कतें होती है।

### जिले के 12 हजार...

आने की जानकारी दी गई। शहरी क्षेत्र के ऐसे हितग्राही पीडीएस दुकान से लेकर नगर निगम के जोन कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। खाद्य विभाग ने सभी पीडीएस दुकानदारों को केवाईसी करने के निर्देश दिए हैं किंतु उसके बावजूद केवाईसी पीडीएस दुकानों में नहीं हो रही है। इधर खाद्य विभाग का कहना है कि जब तक केवाईसी नहीं होगी आने वाले महीनों का आबंटन बंद रहेगा। हड़बड़ाए राशन कार्डधारी अपने राशन कार्ड लेकर प्रतिदिन खाद्य शाखा पहुंच रहे हैं और उन्हें उनके क्षेत्र के पीडीएस दुकान भेजा जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### डीएमसी पाण्डेय हटाए गए, जाएंगे सूरजपुर वापस

**कोरबा।** समग्र शिक्षा विभाग के डीएमसी मनोज पाण्डेय को हटा दिया गया है। राज्य शासन ने उनकी प्रतिनियुक्त समाप्त करने का आदेश जारी किया है। पिछले 3 वर्षों से श्री पाण्डेय प्रतिनियुक्ति पर कोरबा जिले में पदस्थ थे उनकी जगह एनसीडीसी स्कूल के लेक्चरर वल्लभ वैष्णव को डीएमसी बनाया गया है। श्री पाण्डेय के खिलाफ पिछले कुछ समय से शासन स्तर तक शिकायतें भी पहुंची थी। डीएमसी मनोज पाण्डेय सूरजपुर स्कूल में लेक्चरर के पद पर पदस्थ थे जो वर्ष 2023 से कोरबा जिले में समग्र शिक्षा विभाग के डीएमसी पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। श्री पाण्डेय की पदस्थापना प्रतिनियुक्ति पर की गई थी उनकी मूल शाला सूरजपुर जिले के महेशपुर हायर सेकेण्डरी स्कूल था। अब उन्हें वापस भेजने का आदेश हुआ है। इनकी जगह एनसीडीसी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के लेक्चरर वल्लभ वैष्णव को डीएमसी बनाया गया है। श्री पाण्डेय के विरुद्ध प्रकरण को लेकर शिकायतें भी शासन स्तर पर पहुंची थी। उनके विभाग के एक महिला कर्मचारी ने भी उनके खिलाफ शिकायत की थी। जिस पर जांच भी कराई गई थी।

### दूरस्थ वनांचल ग्राम धजाक में पढ़ाई की नई रोशनी

**कोरबा।** शहर से लगभग 90 किलोमीटर दूर पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम पंचायत धजाक की प्राथमिक शाला लंबे समय से शिक्षक सुविधा के अभाव से जूझ रही थी। आसपास और दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले बच्चों को नियमित पढ़ाई में लगातार कठिनाइयाँ होती थीं। विद्यालय की प्रधानपाठिका श्रीमती पुनिता एक्का ने बताया कि स्कूल में कुल 28 विद्यार्थी दर्ज हैं लेकिन एकमात्र शिक्षक होने के कारण कई कक्षाएँ नियमित रूप से संचालित नहीं हो पाती थीं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अतिशेष शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किए जाने से अब विद्यालयों की परिस्थितियों में उल्लेखनीय सुधार आया है। इसी प्रक्रिया के तहत धजाक प्राथमिक शाला में सहायक शिक्षक रामप्यारे उराँव की पदस्थापना की गई है। उनके आने से नियमित कक्षाएँ सुचारु रूप से संचालित हो रही हैं और बच्चों की पढ़ाई में निरंतरता आई है।

### छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की कार्यकारिणी का हुआ गठन

**कोरबा।** कर्मचारी हितों के लिए सतत संघर्षशील एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, जिला कोरबा में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं। संगठन को और अधिक सशक्त व संगठित करने की दिशा में फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा द्वारा 5 जनवरी को नियुक्ति पत्र जारी कर नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें जगदीश प्रसाद खरे राजस्व विभाग को जिला संयोजक, तरुण सिंह राठौर शिक्षा विभाग को उप जिला संयोजक तथा ओम प्रकाश बघेल शिक्षा विभाग को जिला महासचिव का दायित्व सौंपा गया है। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा टी. पी. उपाध्याय को छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, जिला कोरबा का जिला संरक्षक नियुक्त किया गया है।

### 35 तीर्थयात्रियों का दल अयोध्याधाम के लिए रवाना

**कोरबा।** राज्य सरकार की महती योजना श्रीरामलला दर्शन योजना के अंतर्गत नागरिकों को पवित्र अयोध्याधाम ले जाकर भगवान श्रीरामलला के दर्शन प्रतिमाह कराए जा रहे हैं, जिसका सम्पूर्ण व्यय शासन द्वारा वहन किया जाता है। इसी कड़ी में 35 तीर्थयात्रियों का दल श्रीरामलला दर्शन हेतु अयोध्याधाम के लिए रवाना हुआ, यह दल बस के माध्यम से बिलासपुर के उस्लापुर रेलवे स्टेशन पहुंचा, वहाँ से विशेष ट्रेन द्वारा तीर्थयात्री अयोध्याधाम पहुंचकर श्रीरामलला के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। नगर निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत से सुबह 8 बजे सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने हरी झण्डी दिखाकर दल को रवाना किया। इस मौके पर सभापति श्री ठाकुर ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि प्रभु श्रीरामलला के दर्शन हेतु जा रहे श्रद्धालुजनों को यात्रा पर रवाना करने का पवित्र अवसर आज प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर पार्षद अशोक चावलानी, हितानंद अग्रवाल, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, ममता यादव आदि उपस्थित थे।

# सेप्टिक टैंक में जा पहुंचा था 12 फीट का किंग कोबरा, वन अमले ने किया रेस्क्यू

## बालको रेंज के ग्राम तिलईडांड का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 12 फीट विशालकाय किंग कोबरा एक सेप्टिक टैंक में गिर गया था जब ग्रामीणों की नजर भारी भरकम किंग कोबरा पर पड़ी तो उनके होश उड़ गए और उन्होंने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग के अफसरों को दी जिसके उपरांत वन अमले की टीम मौके पर पहुंची और किंग कोबरा का सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा गया।

अलग खबर

बालकों क्षेत्र के तिलईदाड़ गांव में 12 फिट का किंग कोबरा बंद पड़े सेप्टिक टैंक में गिरा हुआ था, जिस पर घर वालों की नजर पड़ी जिसे देखकर लोगों के होश उड़ गए। घटना की जानकारी तत्काल वन विभाग औरनोवा नेचर की टीम को दी गई। सूचना मिलते ही जितेंद्र सारथी ने मामले की जानकारी डीएफओ प्रेमलता यादव को दी। उनके निर्देशानुसार और एसडीओ आशीष खेलवार के मार्गदर्शन में बालकों वन परिक्षेत्र अधिकारी जयंत सरकार, जितेंद्र सारथी अपनी टीम के सिद्धांत जैन, राजू बर्मन, नागेश सोनी, अंजय देवांगन के साथ तुरंत उस स्थान के लिए कोरबा से रवाना रवाना हुए। गांव पहुंचने के बाद सबसे पहले ग्रामीणों को सुरक्षित दूरी पर किया गया फिर रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू के बाद नियमानुसार पंचनामा तैयार किया गया और फिर किंग कोबरा को उसके प्राकृतिक आवास क्षेत्र के घने जंगल में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया। इस पूरे अभियान में बालकों वन परिक्षेत्र अधिकारी जयंत सरकार, जितेंद्र सारथी, राजेश भारद्वाज, सिद्धांत जैन, राजू बर्मन, नागेश सोनी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कोरबा डीएफओ प्रेमलता यादव ने आम जनों से अपिल किया है कि इस जीव को छेड़ने, मारने या किसी भी तरह से नुकसान पहुंचाना अपराध कि श्रेणी में आता है, जब भी आप के घरों के आस पास किंग कोबरा या अन्य कोई सांप दिखाई दे तो वन विभाग को सूचना दें।

**खास बातें**

- घंटों मशक्कत के बाद किंग कोबरा को निकाला गया बाहर।
- डीएफओ ने वन्य प्राणियों को न मारने की अपील



## जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा, रजत जयंती अवसर पर सीएसईबी ग्राउंड में हुआ खेल का आयोजन

# छात्राओं ने रस्साकसी, किकबॉक्सिंग में आजमाया हाथ, महिला सुरक्षा को लेकर पढ़ाया गया पाठ




छात्राओं को पुरुस्कृत करते अतिथगण।



टॉस के दौरान खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह और रजत जयंती महिला सुरक्षा को लेकर विशेष आयोजन चलाया जा रहा है। जिला पुलिस द्वारा सीएसईबी ग्राउंड में महिला सशक्तिकरण की दिशा पर एक कदम आगे बढ़ाया गया और जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्राओं को आमंत्रित किया गया था। जहां छात्राओं के लिए विभिन्न खेलकूद का आयोजन व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया और प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान हासिल करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र के माध्यम से सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि जिला पुलिस द्वारा जिलाभर में सड़क सुरक्षा सप्ताह व रजत जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात पुलिस प्रतिदिन सड़कों पर नजर आ रही है। इसके अलावा स्कूल, कॉलेज में पहुंचकर जन जागरूकता अभियान चला रही है। इसी कड़ी में इस बार पहली बार यातायात पुलिस द्वारा रजत जयंती उत्सव और महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस द्वारा विशेष आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को यातायात पुलिस की टीम द्वारा सीएसईबी ग्राउंड में जिले के विभिन्न स्कूलों में पढ़ने वाले छात्राओं के लिए खेलकूद व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां विभिन्न स्कूलों से पहुंचे छात्राओं ने रस्साकस्सी, किकबॉक्सिंग, कबड्डी जैसे विभिन्न खेलों में छात्रों ने हिस्सा लिया। चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने सड़क सुरक्षा को बताया। प्रतियोगिता में एडिशनल एसपी नीतीश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक प्रतिक मिश्रा, महिला सेल प्रभारी श्रीमती भावना खंडारे, एएसआई मनोज राठौर, सीईएसबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव और सियाराम बंजारे, तारकेश मिश्रा, सुशील गर्ग, अजीत शर्मा, पीयूष पांडे, विवेकानंद गोपाल उपस्थित रहे।

# कुंए में डूबने से चार वर्षीय मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत दामाद मोहल्ला में एक 4 वर्षीय मासूम बच्चा कुएं में डूबने से मौत हो गई। वह अपने दोस्तों के साथ घर के समीप कुंआ में नहाने गया था, इस दौरान बच्चा डूब गया। उसे डूबता देख बांकी बच्चे डरकर मौके से भाग गए और परिजनों को सूचना दी लेकिन जब तक उसके परिजन पहुंचते उसकी मौत हो चुकी थी।

**खास बात**

- मानिकपुर चौकी क्षेत्र के दामाद मोहल्ला का मामला

मानिकपुर चौकी क्षेत्र के दामाद मोहल्ला में निवासरत सावन यादव का पुत्र प्रशांत यादव दोपहर कुछ बच्चों के साथ खेलने निकला था। खेलते-खेलते वे बस्ती से लगे दादर पीएम आवास के पास एक कुएं में नहाने चले गए। कुछ बच्चे उसमें कूदकर नहाने लगे। उन्हें देखकर प्रशांत भी नहाने के लिए उतरा और डूबने लगा। प्रशांत को डूबते देख उसके साथी उसे बचाने के बचाए डरकर वहां से भाग गये। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशांत के माता पिता मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीण और परिजनों ने प्रशांत को कुएं से बाहर निकाला। उन्होंने उसे जीवित समझकर पेट को दबाकर मुंह से पानी निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई हलचल नहीं हुई। लोगों को लगा कि उसकी मौत हो चुकी है। जिसके बाद मानिकपुर चौकी पुलिस को सूचना दी गई। बताया जाता है कि घटना के दौरान प्रशांत के माता पिता रोजी मजदूरी करने घर से बाहर गये हुए थे तथा उसकी बहन स्कूल गई हुई थी। मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर ने बताया कि मृतक मासूम कुछ बच्चों के साथ नहाने के लिए आया था, जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

# सड़क पर भारी वाहनों का दबाव, बेतरतीब खड़े हो रहे ट्रेलर, लग रहा जाम, 22 चालकों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुदुरमाल पुल के बंद होने की वजह से सर्वमंगला राताखार, दर्री मुख्य मार्ग में वाहनों का लगातार दबाव बढ़ता ही जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर ट्रेलर चालक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और सड़क में अपनी वाहनों को बेतरतीब खड़ा कर रहे हैं। जिसकी वजह से जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। शहरवासी व आम राहगिरों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए यातायात पुलिस बुधवार को फिर से एक्शन में नजर आई। सड़क के किनारे खड़े ट्रेलर चालकों के खिलाफ अभियान चलाते हुए कुल 22 ट्रेलर में लॉक की कार्यवाही की गई और उनसे जुर्माना वसूला गया।

**खास बात**

- सर्वमंगला, राताखार जोड़ापुल पर वाहनों की की गई लॉक की कार्यवाही

उल्लेखनीय कि पिछले लंबे समय से उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कुदुरमाल पुल के जर्जर होने की वजह से बढ़ रहे खतरे को देखते हुए विभाग के अफसर ने पुल से भारी वाहनों के आवाजाही को बंद करा दिया है। जिसके बाद से सभी भारी वाहनों का परिचालन कुसमुंडा खदान से सीधे सर्वमंगला पुल से होते हुए राताखार बायपास मार्ग दर्री मुख्य मार्ग से वाहनों का आवागमन कराया जा रहा है लेकिन इस मार्ग में ज्यादातर ट्रेलर चालक राताखार जोड़ा पुल, सर्वमंगला मार्ग व स्टेडियम रोड में अपनी टेलर वाहनों को सड़क के किनारे ही खड़ा कर रहे हैं जिसकी वजह से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात व्यवस्था को बहाल करने के लिए बुधवार को यातायात सउनि मनोज राठौर व उनकी टीम ने सर्वमंगला पुल, राताखार, स्टेडियम रोड जोड़ा पुल संहित आसपास के इलाके में विशेष अभियान चलाया गया। जहां सड़क के किनारे बेतरतीब ढंग से खड़ा करने वाले ट्रेलर चालकों के खिलाफ लॉक करने की कार्रवाई की गई और प्रत्येक वाहन चालकों को कड़ी फटकार लगाते हैं उन्हें समझाइए दी गई और प्रत्येक गाड़ी चालकों से तीन सौ रुपए जुर्माना भी वसूला गया।



ट्रेलर वाहन में लॉक लगाती यातायात पुलिस।

### कंडम वाहनों को हटाने 48 घंटे का समय

बताया जाता है कि वाहनों के लगातार बढ़ते दबाव की वजह से यातायात व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। सर्वमंगला, सीएसईबी मुख्यमार्ग सहित राताखार बायपास मार्ग में लंबे समय से दर्जनों टेलर सहित अन्य कांडम वाहन खड़े हुए हैं जिसकी वजह से यातायात प्रभावित हो रही है। पुलिस ने इन वहनों को हटाने के लिए कई बार ट्रेलर चालक मालिकों को अपील भी कर चुकी है लेकिन इसके बाद भी वाहनों को हटाने की दिशा पर कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। बताया जाता है कि गुरुवार को यातायात पुलिस, सीएसईबी चौकी पुलिस, कोतवाली पुलिस व नगर निगम की संयुक्त टीम गठित की गई है जिनके द्वारा विशेष अभियान चलाएगा और सड़क किनारे खड़े कंडम वाहनों को हटाने के लिए सूचना चस्पा किया जाएगा। वाहन मालिकों को 48 घंटे का समय दिया जाएगा यदि 48 घंटे के भीतर कंडम वाहनों को हटाने की कार्रवाई नहीं की गई तो नगर निगम, यातायात पुलिस उन वाहनों को स्वयं हटाने की कार्रवाई करेगी और उन वाहनों को स्टेडियम में रखा जाएगा ताकि यातायात व्यवस्था पुनः बहाल किया जा सके।

# छोटे व सीमांत किसानों को समान अवसर, कम भूमि से भी बढ़ी आय और आर्थिक स्थिरता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेशभर में संचालित धान खरीदी व्यवस्था किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी, समयबद्ध भुगतान और उपार्जन केंद्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं ने किसानों की वर्षों पुरानी समस्याओं को दूर किया है। आज किसान न केवल संतोष के साथ अपनी उपज बेच रहे हैं, बल्कि खेती को लाभकारी व्यवसाय के रूप में भी देख रहे हैं।

जिले के ग्राम राहाडीह की कृषक श्रीमती हेमवती मरकाम सीमित संसाधनों और छोटी जोत के बावजूद उन्होंने अपने परिश्रम और सरकार की किसान-हितैषी नीतियों का लाभ उठाकर बेहतर परिणाम हासिल किए हैं। उनके पास मात्र आधा एकड़ कृषि भूमि है, जिस पर उन्होंने धान की खेती कर इस वर्ष 10 क्विंटल 40 किलोग्राम धान का उत्पादन किया। उन्होंने अपनी उपज को बक्साही उपार्जन केंद्र में शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर सफलतापूर्वक बेचा। गत वर्ष भी उन्होंने लगभग 10 क्विंटल धान की बिक्री की थी, किंतु इस वर्ष शासन की और अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं किसान-सुलभ खरीदी व्यवस्था के कारण उन्हें बेहतर अनुभव प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि उपार्जन केंद्र में टोकन प्रणाली, सुव्यवस्थित तौल व्यवस्था, बैठने के लिए पर्याप्त स्थान, छाया, स्वच्छ पेयजल तथा कर्मचारियों का सहयोगात्मक व्यवहार किसानों के लिए बड़ी राहत है। इससे धान बिक्री की प्रक्रिया सरल, तेज और तनावमुक्त हो गई है। पांच सदस्यीय परिवार का भरण-पोषण करने वाली श्रीमती मरकाम के लिए धान बिक्री से प्राप्त आय परिवार की आर्थिक मजबूती का महत्वपूर्ण आधार बनी है। उन्होंने कहा कि समय पर समर्थन मूल्य मिलने से घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति और भविष्य की योजनाओं को लेकर उनका आत्मविश्वास बढ़ा है।

### प्रोत्साहन योजना में मंगाए आवेदन

**कोरबा।** जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा द्वारा मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना सत्र 2025-26 के संबंध में सर्व संबंधित प्राचार्यों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया है। जारी निर्देश के अनुसार लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग. द्वारा मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना सत्र 2025-26 अंतर्गत कक्षा 12वीं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के कुल लक्ष्य विरूद्ध पर्याप्त समय दिये जाने उपरांत भी आवेदन प्राप्त नहीं हुये है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# कर्मचारी नहीं होने से बंद पड़ा चैतमा का उप तहसील कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

पाली अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय अंतर्गत आने वाले चैतमा उपतहसील कार्यालय के लिए कर्मचारी की व्यवस्था प्रशासन द्वारा नहीं किए जाने की स्थिति में उप तहसील कार्यालय बंद पड़ा हुआ है। छोटी छोटी न्यायालयीन समस्याओं के लिए चैतमा और उसके आसपास के ग्रामीणों को पाली तहसील कार्यालय जाना पड़ता है।

**खास बात**

- ग्रामीणों की सुविधा के लिए कांग्रेस कार्यकाल में मिली थी सुविधा




बंद पड़ा उपतहसील कार्यालय।

चैतमा के आसपास आने वाले लगभग डेढ़ दर्जन ग्राम पंचायत के ग्रामीणों को तहसील संबंधी कार्य लेकर चैतमा से 15 किलोमीटर दूर पाली जाना पड़ता था जिसे देखते हुए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा विधानसभा चुनाव के पूर्व चैतमा में क्षेत्रीय सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत एवं एसडीएम तहसीलदार सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं के द्वारा उप तहसील बनाम लिंक कोर्ट खोला गया था और नेताओं द्वारा बताया गया था कि अब राजस्व संबंधी कार्य को लेकर पाली नहीं जाना पड़ेगा लेकिन कुछ ही दिन बाद विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के कारण तहसीलदार की उसमें ड्यूटी लग गई उसे समय बंद हो गया। उसके बाद लोकसभा चुनाव पंचायत चुनाव उसे समय से लेकर आज तक उक्त लिंक कोर्ट बनाम उप तहसील कार्यालय बंद पड़ा है। कुछ दिन क्षेत्रीय ग्रामीण यहां पर आए और बंद देखकर चले गए उसके बाद से उक्त कार्यालय खुला ही नहीं पूर्व तहसीलदार से पूछने पर उन्होंने बताया था की स्टाफ की कमी के कारण नहीं खोला जा रहा है। ज्ञात हो कि चैतमा में ही राजस्व निरीक्षक कार्यालय खुले भी लंबे समय हो गया है किंतु यहां पर राजस्व निरीक्षक कौन है कहां बैठता है कब आता है कब जाता है इसकी भी जानकारी ग्रामीणों को नहीं है ग्रामीणों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए बंद पड़े कार्यालय को तत्काल चालू करने की मांग की है।




